हरिभूमि
सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 27 जुलाई 2026

06 पर्यावरण संरक्षण को लेकर प्रधानमंत्री ने दिया...

07 नागरिकों ने दिया नशामुक्त समाज का संदेश

खबर संक्षेप

प्रतियोगिताओं के लिए आवेदन आमंत्रित

सीहोर। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा संचालित मेरा युवा भारत, सीहोर द्वारा 'नशा मुक्ति युवा विकसित भारत अभियान' के तहत जिले के युवाओं के लिए विभिन्न रचनात्मक एवं जागरूकता आधारित प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य युवाओं की प्रतिभा को मंच प्रदान करने के साथ-साथ नशा मुक्त एवं विकसित भारत के निर्माण में उनकी सहभागिता सुनिश्चित करना है। इस अभियान के अंतर्गत लोकगीत, समूह नृत्य, नुक्कड़ नाटक, चित्रकला, वाद-विवाद, लघु फिल्म/रील निर्माण, नारा लेखन तथा कविता पाठ सहित 8 प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इनमें 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के सीहोर जिले के युवा भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक युवाओं को माय भारत पोर्टल पर पंजीयन कर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। आवेदन की अंतिम तिथि 27 जुलाई निर्धारित की गई है।

जिला स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित

सीहोर। वन अधिकार अधिनियम, 2006 के अंतर्गत सामुदायिक वन संसाधन अधिकार के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिला पंचायत सभाकक्ष में जिला स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रदान किया गया। इस दौरान कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की क्षमता का विकास करना तथा वन अधिकार अधिनियम, 2006 के अंतर्गत सामुदायिक वन संसाधन अधिकारों के प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन को सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि सामुदायिक वन संसाधन अधिकार वन क्षेत्रों में निवासरत समुदायों को उनके परंपरागत वन संसाधनों के संरक्षण, प्रबंधन एवं सतत उपयोग का अधिकार प्रदान करते हैं। इन अधिकारों के प्रभावी क्रियान्वयन से वन संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा, स्थानीय समुदायों की आजीविका सुदृढ़ होगी तथा ग्राम सभाओं की सहभागिता और सशक्तिकरण सुनिश्चित होगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अधिनियम के सभी प्रावधानों का गंभीरता से पालन करते हुए पात्र हितग्राहियों को समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। प्रशिक्षण में सामुदायिक वन संसाधन अधिकारों से संबंधित प्रावधानों, दावों के परीक्षण, अभिलेखों के संधारण, ग्राम सभा की भूमिका तथा अधिकारों के प्रभावी क्रियान्वयन की प्रक्रिया पर विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षणार्थियों के विभिन्न व्यावहारिक पहलुओं पर भी चर्चा की गई।

बिना ई-अटेंडेंस के नहीं मिलेगा वेतन, लोक शिक्षण संचालनालय के तुगलकी फरमान से जिलेभर के शिक्षकों में असंतोष

वेतन कटने का खतरा, आयुक्त के आदेश से बढ़ी परेशानी, सामने आ रहीं शिक्षक ऐप की खामियां

स्कूल के गेट पर खड़े होने पर भी जीपीएस बता रहा 5 से 6 किमी दूर, मुस्कुराएं और सिर घुमाएं जैसे मैसेज से परेशान हुए शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर





मध्य प्रदेश स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा सरकारी स्कूलों में पारदर्शिता लाने के नाम पर लागू की गई ई-अटेंडेंस व्यवस्था अब शिक्षकों के लिए भारी जी का जंजाल बन गई है। एक तरफ लोक शिक्षण संचालनालय के आयुक्त अभिषेक सिंह ने आदेश जारी किया है कि जिस दिन ऐप पर ई-अटेंडेंस नहीं लगेगी, उस दिन शिक्षक को अनुपस्थित मानकर वेतन काट लिया जाएगा। वहीं दूसरी ओर विभाग का आधिकारिक हमारे शिक्षक ऐप तकनीकी खामियों और जीपीएस की गड़बड़ियों से पूरी तरह फ्लॉप साबित हो रहा है। परिणामस्वरूप शिक्षक रोजाना समय पर स्कूल पहुंचकर बच्चों को पढ़ा रहे हैं, लेकिन ऐप में उपस्थिति दर्ज न होने से उन पर अनधिकृत अनुपस्थिति और वेतन कटौती की तलवार लटक गई है।

लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार एजुकेशन पोर्टल 3.0 पर हमारे शिक्षक ऐप से उपस्थिति दर्ज करना अनिवार्य कर दिया गया है। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि संकुल प्राचार्य केवल ई-अटेंडेंस के आधार पर ही वेतन देयक तैयार करेंगे। यदि बिना ई-अटेंडेंस के वेतन निकाला गया तो इसके लिए संकुल प्राचार्य व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार होंगे। जिस दिन ऑनलाइन उपस्थिति नहीं होगी, उस दिन का वेतन आहरित नहीं किया जाएगा। इस फरमान के बाद से शिक्षक वर्ग में भय और भारी आक्रोश का माहौल है।

स्कूल परिसर में खड़े शिक्षक, ऐप बता रहा उनकी लोकेशन दूर

विभाग का दावा था कि जीपीएस और जियो-फेंसिंग तकनीक से फर्जी हाजिरी पर रोक लगेगी, लेकिन जमीनी हकीकत इसके उलट है। शिक्षक स्कूल के मुख्य गेट पर खड़े होकर हाजिरी लगाने का प्रयास करते हैं, लेकिन ऐप उनकी लोकेशन 4 किलोमीटर से लेकर 6 किलोमीटर तक दूर बता देता है।

शिक्षकों को ऐप पर अजीबोगरीब मैसेज : समाज की दिशा तय करने वाले इन शिक्षकों के लिए यह एप मजाक बनकर रह गया है। गेट पर खड़े शिक्षक को ऐप ने संदेश मिल रहे हैं कि आप 5-6 किलोमीटर दूर हैं, कृपया मुस्कुराएं, सुरक्षा के लिए आवश्यक है। चेहरा नहीं मिलाएं सिर बाईं ओर घुमाएं। सिर ऊपर करें आदि मैसेज दे रहा है।

नेटवर्क और सर्वर में उलझी अटेंडेंस शिक्षकों का कहना है कि ग्रामीण क्षेत्रों में नेटवर्क और सर्वर की भारी समस्या है। कई बार सुबह लॉगिन तो हो जाता है, लेकिन शाम को लॉगआउट दर्ज नहीं हो पाता। लॉगआउट न होने पर भी सिस्टम शिक्षक को पूरे दिन अनुपस्थित दिखा देता है। इसके अलावा कैजुअल लीव मेडिकल, ऑन ड्यूटी और ट्रेनिंग जैसी अर्जियों के लिए भी शिक्षक इसी ऐप पर निर्भर हैं, लेकिन ऐप क्रैश होने से पूरी व्यवस्था चरमरा गई है। अतिथि शिक्षकों के लिए भी 90 प्रतिशत ई-अटेंडेंस अनिवार्य की गई है, जिससे उनकी नौकरी पर संकट मंडरा रहा है।

कटेगा या रुकेगा वेतन तो बिगड़ेगा परिवार का बजट

शिक्षकों का कहना है कि जब गलती विभाग के सॉफ्टवेयर और ऐप की है तो उसकी सजा शिक्षकों को वेतन कटौती के रूप में क्यों दी जा रही है। शिक्षकों का तर्क है कि नई डिजिटल प्रणाली को लागू करने से पहले शिक्षकों को कोई व्यावहारिक प्रशिक्षण नहीं दिया गया। शिक्षक भले ही ऐप में अनुपस्थित दिख रहे हों, लेकिन स्कूल के ऑफलाइन उपस्थिति रजिस्टर और पोर्टल पर दर्ज अन्य ऑनलाइन कार्यों से उनकी उपस्थिति साबित होती है। अधिकांश शिक्षकों ने गृह ऋण या वाहन ऋण ले रखा है। वेतन रुकने या कटने से बच्चों की फीस, मकान किराया, दवाइयों का खर्च और परिवार का बजट पूरी तरह बिगड़ जाएगा।

तकनीकी सुधार होने तक आदेश पर रोक की मांग

पीड़ित शिक्षकों ने मांग की है कि जब तक ऐप की तकनीकी त्रुटियां और जीपीएस लोकैशन की समस्या पूरी तरह ठीक नहीं हो जाती, तब तक वेतन कटौती वाले आदेश पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई जाए। साथ ही जब तक डिजिटल सिस्टम सुचारू नहीं होता तब तक स्कूल के मूल उपस्थिति रजिस्टर से दर्ज हाजिरी को ही वेतन भुगतान का आधार माना जाए।

जय केवट जय निषाद के नारों के साथ सिद्धपुर माझी आदिवासी समाज ने निकाली बाइक रैली

सीहोर। सिद्धपुर माझी आदिवासी समाज संघ मांझी पंचायत के द्वारा रविवार को इलाई माता वार्षिक पूजन महोत्सव के अंतर्गत शहर के प्रमुख मार्गो से भव्य बाइक रैली निकाली गई। कस्बा इलाई माता मंदिर में कुलदेवी की महाआरती, अभिषेक, हवन के बाद भण्डारा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर और भाजपा जिला महामंत्री पंकज गुप्ता सम्मिलित हुए। अतिथियों ने फूल मालाएं पहनाकर समाज के वरिष्ठ जनों का सम्मान किया।

इलाई माता मंदिर के समक्ष सामाजिक मुद्दों को लेकर सिद्धपुर माझी आदिवासी समाज संघ मांझी पंचायत के द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सामाजिक बंधुओं का सम्मान किया गया।

सिद्धपुर माझी आदिवासी समाज संघ मांझी पंचायत मुख्य संरक्षक मनोहर रायकवार बाबा के मार्गदर्शन में संघ जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश रायकवार के नेतृत्व में केवट चौराह महाराजा निषाद चौक पुराना बस स्टैंड से महाराज निषाद और हनुमान जी की विधिवत पूजन अर्चन कर ढोल धमाकों भगवा झंडों के साथ वाहन रैली का शुभारंभ किया गया।

बाइक रैली कोतवाली चौराहा, सराय चौराहा, पान चौराहा, बड़ा बाजार,अटल चौराहा, तहसील चौराहा, भोपाली फाटक, तिलक पार्क, कस्बा बजरिया रोड होते हुए इलाई माता मंदिर कस्बा पहुंची। मांझी समाजजनों ने हनुमान फाटक मंदिर और कुलदेवी इलाई माता मंदिर में निशान ध्वज लगाया। बाइक रैली में शामिल समाज जनों का शहर में अनेक स्थानो पर सामाजिक धार्मिक व्यापारिक राजनीतिक संगठनों के पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं नागरिकों ने फूल बरसाकर स्वागत किया। वाहन रैली सहित सामाजिक धार्मिक कार्यक्रम में प्रमुख रूप से संतोष रायकवार, विजय रायकवार, योगेश रायकवार, गोपाल रायकवार, रामदयाल नाविक, लक्ष्मीप्रसाद नाविंक, लक्ष्मण सिंह रायकवार, राम शायम,मेंवलाल रायकवार, मधु रायकवार, योगेश रायकवार, आशीष रायकवार, गोविंदा रायकवार, अनिल रायकवार, संतोष रायकवार, विजय रायकवार, राकेश रायकवार, मनोज बाधम, सुनील रैकवार, राजेश माझी, बल्ली रायकवार, नन्नम रायकवार, राजेश रायकवार, अनिल रायकवार, नरेन्द्र बाधम, गणेश रायकवार, अजय रायकवार, हेमन्त रायकवार, राजू रायकवार, महेश पप्पू, प्रकाश रायकवार, शरद रायकवार, शंकर रायकवार, राहुल रायकवार, शुभम माझी सहित बड़ी संख्या में सिद्धपुर माझी आदिवासी समाज संघ मांझी पंचायत के पदाधिकारी कार्यकर्ता सामाजिक बंधु शामिल रहे। सामूहिक भंडारा प्रसादी के उपरांत कार्यक्रम का समापन किया गया।

राजा भोज कॉम्प्लेक्स का भव्य लोकार्पण, 2 करोड़ की लागत से बने आधुनिक व्यावसायिक परिसर की मिली सौगात

40 दुकानों वाले कॉम्प्लेक्स के लोकार्पण से व्यापारियों में खुशी की लहर

सीहोर। शहर के व्यापारिक विकास को नई दिशा देते हुए राजा भोज कॉम्प्लेक्स का भव्य लोकार्पण किया गया। लगभग 2 करोड़ की लागत से निर्मित इस आधुनिक कॉम्प्लेक्स में 40 दुकानों का निर्माण किया गया है, जिससे स्थानीय व्यापारियों को बेहतर एवं व्यवस्थित व्यावसायिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। लोकार्पण के अवसर पर दुकानदारों और स्थानीय नागरिकों में उत्साह का माहौल देखने को मिला।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा कि राजा भोज कॉम्प्लेक्स शहर के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। आधुनिक सुविधाओं से युक्त यह परिसर व्यापारियों को बेहतर वातावरण उपलब्ध कराएगा और शहर की आर्थिक गतिविधियों को भी गति देगा। नगर पालिका लगातार ऐसे विकास कार्यों को प्राथमिकता दे रही है, जिनका सीधा लाभ आम नागरिकों और व्यापारियों को मिले। आगे उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य केवल निर्माण कार्य करना नहीं, बल्कि शहर को व्यवस्थित, सुंदर और सुविधायुक्त बनाना है।

आने वाले समय में भी नगर पालिका जनहित के अनेक विकास कार्यों को तेजी से पूरा करेगी, ताकि सीहोर को एक आधुनिक और सुव्यवस्थित शहर के रूप में विकसित किया जा सके। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर पालिका उपाध्यक्ष विपिन शास्ता, स्थानीय पार्षद विजेंद्र परमार, दिनेश कुशवाहा, कमलेश राठौर, प्रदीप बिजोरिया, आशीष गहलोत, प्रदीप गौतम, अर्जुन राठौर, कमलेश कुशवाहा, लोकेंद्र वर्मा, नरेंद्र राजपूत, अजय पाल, राहुल राय सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक एवं व्यापारी उपस्थित रहे।

निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में उमड़ी भीड़, 200 से अधिक मरीजों ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण

सीहोर। अटल हॉस्पिटल सीहोर एवं साहस महिला/बाल शिक्षण एवं सामाजिक विकास संस्था और सेवा सदन अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कोठरी सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और 200 से अधिक मरीजों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया।

शिविर में अटल हॉस्पिटल सीहोर के विशेषज्ञ चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ एवं स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा मरीजों की जांच कर विभिन्न बीमारियों से संबंधित चिकित्सा परामर्श दिया गया। शिविर में बड़ी संख्या में आमजन की उपस्थिति देखने को मिली।

इसी अवसर पर नगर परिषद कोठरी के कार्यालय भवन स्थित 3R पार्क में अमृत हरित महाअभियान-2026 के अंतर्गत पौधरोपण किया गया। स्वास्थ्य विभाग की टीम, नगर परिषद अध्यक्ष राधेश्याम दलपति, जनप्रतिनिधियों एवं कर्मचारियों द्वारा 20 पौधे रोपे गए। साथ ही लोगों को आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण तैयार करने के उद्देश्य से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम में जितेंद्र आजाद, दिनेश चौधरी, विजय सिंह, मदन वर्मा, धरम, समस्त पार्षद, नगर के वरिष्ठजन, अधिकारी-कर्मचारी तथा अटल हॉस्पिटल सीहोर, साहस महिला/बाल शिक्षण एवं सामाजिक विकास संस्था और सेवा सदन अस्पताल का स्टाफ उपस्थित रहा।

शहीदों को नमन करते हुए उनके साहस और बलिदान को स्मरण किया

कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को श्रद्धांजलि पूर्व सैनिकों का किया सम्मान, पौधारोपण संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार को शहीद स्मारक, सैकड़ा खेड़ी रोड, सीहोर पर भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ, सीहोर द्वारा शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करने, पूर्व सैनिकों का सम्मान एवं पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कारगिल युद्ध के वीर शहीदों को नमन करते हुए उनके अदम्य साहस और बलिदान को स्मरण किया गया।

भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक डॉ. एल.एन. नामदेव ने कारगिल युद्ध की जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 1999 में पाकिस्तान समर्थित घुसपैठियों एवं पाकिस्तानी सैनिकों ने कारगिल-द्रास क्षेत्र की ऊँची पहाड़ियों पर अवैध कब्जा कर लिया था। भारतीय सेना के वीर जवानों ने अद्वितीय शौर्य, साहस और अपने प्राणों की आहुति देकर उन चोटियों को पुनः भारत के कब्जे में लिया तथा दुश्मन को खदेड़कर देश की आन-बान और शान की रक्षा की। उन्होंने कहा कि इन्हीं अमर बलिदानियों की स्मृति में चिकित्सा प्रकोष्ठ द्वारा प्रतिवर्ष 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस पर सैनिकों का सम्मान एवं शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाती है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, सीहोर विधायक सुदेश राय, राजकुमार गुप्ता, मंडल अध्यक्ष संदीप प्रजापति, शाजापुर की जिला शिक्षा अधिकारी दीपा किरजी, डॉ. एल.एन. नामदेव, डॉ. अमित मोदी, डॉ. विवेक सक्सेना, डॉ. जयपाल सिंह, डॉ. धर्मेंद्र दांगी, डॉ. गौरव ताम्रकार सहित बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक, गणमान्य नागरिक एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर एवीजी इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीतों की भावपूर्ण प्रस्तुति देकर उपस्थित जनसमूह को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। कार्यक्रम के अंत में एवीजी इंटरनेशनल स्कूल की प्राचार्य देवरा मैडम ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया।

सीहोर जिले में 26 जुलाई तक औसत 451.4 मिमी बारिश दर्ज

सीहोर। भू-अभिलेख कार्यालय से प्राप्त दैनिक वर्षा रिपोर्ट के अनुसार 26 जुलाई 2026 को जिले में औसतन 1.6 मिमी वर्षा दर्ज की गई। सर्वाधिक 10.0 मिमी वर्षा इछावर तहसील में रिकॉर्ड की गई। इसके अलावा सीहोर में 3.0 मिमी वर्षा दर्ज की गई। श्यामपुर, आष्टा, जावर, भैरूंदा, बुधनी एवं रेहटी तहसीलों में वर्षा दर्ज नहीं की गई। 01 जून 2026 से 26 जुलाई 2026 तक जिले में औसतन 451.4 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई है, जबकि गत वर्ष इसी अवधि में जिले में 532.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई थी। तहसीलवार आंकड़ों के अनुसार आष्टा में सर्वाधिक 535.0 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। इसके अलावा रेहटी में 496.0 मिमी, जावर में 484.0 मिमी, भैरूंदा में 469.0 मिमी, इछावर में 460.0 मिमी, बुधनी में 457.0 मिमी, सीहोर में 401.0 मिमी तथा श्यामपुर में 309.3 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई है।

खबर संक्षेप

बालिका सुरक्षा कानूनों व पीसीपीएनडीटी एक्ट की दी गई जानकारी

सीहोर। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा ग्राम अमलाहा के आंगनबाड़ी केंद्र में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना एवं गर्भधारण पूर्व एवं प्रसव पूर्व निदान तकनीक (पीसीपीएनडीटी) अधिनियम के अंतर्गत बालिका सुरक्षा एवं कानूनी जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य समाज में बालिकाओं के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करना, कन्या भ्रूण हत्या की रोकथाम तथा महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों एवं सुरक्षा संबंधी कानूनों के प्रति जागरूक करना था। कार्यशाला में बाल कल्याण समिति के सदस्य तिलक दास बैरागी महिलाओं और बालिकाओं को पीसीपीएनडीटी अधिनियम के प्रमुख प्रावधानों की जानकारी देते हुए बताया गया कि यह कानून लिंग चयन एवं भ्रूण के लिंग परीक्षण पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाता है। अधिनियम का उद्देश्य कन्या भ्रूण हत्या पर रोक लगाना, बालिका जन्म को प्रोत्साहित करना तथा समाज में बेटियों के प्रति समानता और सम्मान की भावना को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में परामर्शदाता सुरेश पांचाल, रत्नेश तिवारी सहित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता सहित महिलाएं एवं बालिकाएं उपस्थित रहीं।

हाथकरघा व हस्तशिल्प से जुड़े कारीगरों के लिए कौशल विकास योजना

सीहोर। जिला हथकरघा कार्यालय द्वारा हथकरघा एवं हस्तशिल्प क्षेत्रों में कार्यरत बुनकरों, शिल्पियों, प्राथमिक बुनकर सहकारी समितियों, स्व-सहायता समूहों तथा उद्यमियों के लिए कौशल तकनीकी विकास योजना-2021 संचालित की जा रही है है। योजना का उद्देश्य हथकरघा एवं हस्तशिल्प से जुड़े कारीगरों को आत्मनिर्भर बनाना तथा ग्रामोद्योग उत्पादों को बाजार योग्य बनाना है। योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को बुनियादी प्रशिक्षण, कौशल उन्नयन प्रशिक्षण, उन्नत हाथकरघे, सहायक उपकरण, प्री-लूम एवं पोस्ट-लूम सुविधाएं, रंगाई उपकरण सहित हथकरघा एवं हस्तशिल्प उद्योग से संबंधित अन्य आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे। योजना का लाभ ऐसे हितग्राही प्राप्त कर सकते हैं, जो पिछले तीन वर्षों से हाथकरघा एवं हस्तशिल्प उद्योग से जुड़े हों तथा जिनकी आयु 18 से 45 वर्ष के बीच हो। योजना संबंधी अधिक जानकारी के लिए इच्छुक हितग्राही सहायक संचालक आकाश गोयल, जिला हाथकरघा कार्यालय, जिपं सीहोर से संपर्क कर सकते हैं।

एक साल से विभागों के चक्कर लगा रहे शिक्षक

सांदीपनि विद्यालय के चार शिक्षकों की क्रमोन्नति एक साल से अटकी

शिक्षक बोले 5 जुलाई 2025 को 12 वर्ष की सेवा पूरी हो गई थी, जिसके बाद उनका नाम क्रमोन्नति सूची में शामिल किया था।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले में जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) कार्यालय की कार्यप्रणाली एक बार फिर सवालों के घेरे में है। शासकीय सांदीपनी मनुबेन विद्यालय के चार माध्यमिक शिक्षक पिछले एक वर्ष से क्रमोन्नति का लाभ नहीं मिलने से परेशान हैं। शिक्षकों का आरोप है कि उनकी क्रमोन्नति से संबंधित फाइलें कार्यालय स्तर पर लंबित रहने के कारण उन्हें अतिरिक्त वेतनमान का लाभ नहीं मिल पा रहा है। दूसरी ओर, शिक्षा विभाग ने फाइल गुम होने से इनकार करते हुए जल्द कार्रवाई का भरोसा दिया है।

एक साल से विभागों के चक्कर लगा रहे शिक्षक

पीड़ित शिक्षकों का कहना है कि वे पिछले एक वर्ष से अपनी समस्या के समाधान के लिए डीईओ कार्यालय, कलेक्टर जनसुनवाई और संयुक्त संचालक कार्यालय भोपाल के लगातार चक्कर लगा रहे हैं। इसके बावजूद अब तक उनकी क्रमोन्नति का प्रकरण पूरा नहीं हो सका। शिक्षकों का कहना है कि जिन शिक्षकों की क्रमोन्नति उनके बाद हुई थी, उन्हें अतिरिक्त वेतनमान का लाभ मिल चुका है, जबकि उनका मामला अब भी लंबित है।

2025 में पूरी हो गई थी पात्रता

शिक्षकों के अनुसार, 5 जुलाई 2025 को उनकी 12 वर्ष की सेवा पूरी हो गई थी, जिसके बाद उनका नाम क्रमोन्नति सूची में शामिल किया गया था। नियमानुसार इसके बाद उनका प्रकरण आगे बढ़ना चाहिए था, लेकिन प्रशासनिक स्तर पर देरी के कारण वे अब तक लाभ से वंचित हैं।

फाइल गुम होने का आरोप : शिक्षकों का आरोप है कि जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय की स्थापना शाखा की लापरवाही के कारण उनकी क्रमोन्नति संबंधी फाइलें संयुक्त संचालक कार्यालय, भोपाल नहीं भेजी गईं। उनका कहना है कि जब भी वे कार्यालय पहुंचते हैं, उन्हें अलग-अलग जवाब दिए जाते हैं। कई बार उन्हें यह भी बताया गया कि उनकी फाइलें उपलब्ध नहीं हैं। शिक्षकों ने आरोप लगाया कि उनकी फाइलों के कारण उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है और मानसिक तनाव भी झेलना पड़ रहा है।

अधिकारों की आवाज उठाने की सजा मिल रही : चारों शिक्षकों का कहना है कि वे समय-समय पर शिक्षकों के अधिकारों और समस्याओं को लेकर आवाज उठाते रहे हैं। उनका आरोप है कि इसी वजह से उन्हें जानबूझकर परेशान किया जा रहा है। यदि समय पर क्रमोन्नति आदेश जारी हो जाता, तो उन्हें अतिरिक्त वेतनमान और अन्य वित्तीय लाभ मिल चुके होते।

डीईओ कार्यालय ने फाइल गुम होने से किया इनकार

मामले में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के स्थापना बाबू विक्रांत सिसोदिया ने फाइल गुम होने के आरोपों को खारिज किया है। उन्होंने कहा कि यह संकुल केंद्र स्तर पर हुई प्रक्रिया संबंधी लापरवाही का मामला था, जिसके कारण चार शिक्षकों का प्रकरण समय पर आगे नहीं बढ़ सका। उन्होंने बताया कि वर्तमान में भर्ती और पदोन्नति से जुड़े कई कार्य एक साथ चल रहे हैं। इसी वजह से कुछ मामलों में देरी हुई है। विभाग का दावा है कि संबंधित शिक्षकों का प्रकरण जल्द पूरा कर उन्हें क्रमोन्नति का लाभ दिलाया जाएगा।

शिक्षकों को समाधान का इंतजार

फिलहाल चारों शिक्षक अपने लंबित प्रकरण के जल्द निराकरण की उम्मीद लगाए हुए हैं। उनका कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो उन्हें आर्थिक नुकसान के साथ-साथ न्याय के लिए उच्च अधिकारियों का दरवाजा खटखटाना पड़ेगा। वहीं, अब सभी की नजर इस बात पर है कि शिक्षा विभाग अपने आश्वासन पर कितनी जल्दी अमल करता है।

हाईवे पर बैठी गाय को बचाने में हादसा, रेलिंग तोड़ सर्विस रोड पर गिरी टेंपो ट्रैक्स



बुधनी। राष्ट्रीय राजमार्ग-46बी पर रविवार तड़के करीब 4:30 बजे गडरिया नाले के फ्लाईओवर पर सड़क के बीच बैठी गाय को बचाने के प्रयास में एक टेंपो ट्रैक्स अनियंत्रित होकर फ्लाई ओवर की रेलिंग तोड़ते हुए नीचे सर्विस रोड पर जा गिरी। हादसे में चालक अमन पिता अख्तर (35), निवासी आनंद नगर, देवास गंभीर रूप से घायल हो गया उसे सिविल अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल नर्मदापुरम रेफर किया गया पुलिस के अनुसार अमन इंदौर के पीथमपुर से नई टेंपो ट्रैक्स लेकर रायपुर (छत्तीसगढ़) स्थित शोरूम में डिलीवरी देने जा रहा था बारिश के कारण पीछे चल रहे दूसरे वाहन से दूरी बनने के बाद वह अकेले आगे निकल आया गडरिया नाले के फ्लाईओवर पर सड़क के बीच बैठी गाय को बचाने के प्रयास में वाहन अनियंत्रित होकर नीचे जा गिरा अब यहां पर सवाल यह खड़ा होता है कि इतनी व्यस्ततम सड़क से दुर्घटना होने के बाद या फिर अनियंत्रित होकर इस तरह से वाहन सर्विस रोड पर गिरेंगे तो इस मार्ग से गुजरने वाले वाहनों और राहगीरों का क्या हाल होगा

स्थानीय लोगों का कहना है कि एनएच-46 पर आवारा मवेशियों की समस्या लंबे समय से बनी हुई है कई हादसों के बावजूद संबंधित विभाग द्वारा प्रभावी व्यवस्था नहीं किए जाने से वाहन चालकों की जान लगातार जोखिम में बनी हुई है।

जिले में रातभर बिजली कटौती और विद्युत दुर्घटनाओं से ग्रामीणों में आक्रोश, कार्रवाई करने की मांग तेज

सीहोर। जिले के बिलकिसगंज एवं बरखेड़ी विद्युत वितरण केंद्र के अंतर्गत आने वाले चंदेरी, पिपलिया मीरा, बिजनौर, आलमपुरा, बमुलिया, बड़नगर, रामखेड़ी, डाबला, छोटी कलास, बड़ी कलास, हीरापुर, धबोटी, उलझावन, रलावती सहित दर्जनों गांवों में लगातार हो रही रात की बिजली कटौती से ग्रामीणों और किसानों में भारी नाराजगी है। ग्रामीणों का कहना है कि रात 8 बजे से सुबह 6–7 बजे तक बार-बार बिजली गुल रहने से लोग पूरी रात जागने को मजबूर हैं। मच्छरों के प्रकोप से बुजुर्ग, महिलाएं, बच्चे और किसान सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं।

इस समस्या को लेकर किसान एवं समाजसेवी एम.एस. मेवाड़ा के नेतृत्व में ग्रामीणों ने मोमबत्ती और मशाल जुलूस निकालकर विद्युत मंडल के खिलाफ प्रदर्शन किया तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, ऊर्जा मंत्री एवं सीहोर जिले की प्रभारी मंत्री से रात की बिजली कटौती तत्काल बंद कराने और ग्रामीण विद्युत व्यवस्था में सुधार की मांग की। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि जिले में कई स्थानों पर 11 केवी की जर्जर एवं झूलती विद्युत लाइनें, टेढ़े खंभे तथा समय पर फॉल्ट नहीं सुधारे जाने के कारण लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं। इससे किसानों की फसलें, मकान और मवेशी नुकसान का शिकार हो रहे हैं तथा कई लोग करंट लगने से घायल या मृत हो चुके हैं। एम.एस. मेवाड़ा ने बताया कि लगभग एक माह पूर्व ग्राम बड़वेली के किसान सतीश मेवाड़ा को विद्युत मंडल की कथित लापरवाही के कारण करंट लग गया था।

इस मामले की जांच विद्युत सुरक्षा विभाग द्वारा की गई, जिसमें संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की लापरवाही पाए जाने की बात जांच प्रतिवेदन में दर्ज की गई। यह प्रतिवेदन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को सौंपा जा चुका है, लेकिन अब तक दोषी अधिकारी कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई है इस घटना पर मध्य प्रदेश मानव अधिकार आयोग ने भी संज्ञान लेते हुए एचडी विद्युत मंडल गोविंदपुरा से 31 अगस्त तक जवाब मांगा है दो से अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई करने एवं पीड़ित किसान को आर्थिक सहायता देने की निर्देश दिए गए हैं साथ इस मामले पर महिला आयोग मध्य प्रदेश शासन द्वारा भी मध्य प्रदेश राजस्व कमिश्नर भोपाल को निर्देश दिए गए हैं कि एक जांच दल गठित कर मौके की जांच कर विद्युत मंडल के दो से अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पीड़ित किसान को राहत राशि दिलाते हुए जांच प्रतिवेदन मांगा गया है परंतु अभी तक विद्युत मंडल के अधिकारी कर्मचारियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की ।

टिगाली में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर, 52 ग्रामीणों की जांच, 4 में मोतियाबिंद की पुष्टि

भैरुंदा। तहसील क्षेत्र के ग्राम टिगाली में शनिवार को सिद्धपुर सेवा भारती समिति सीहोर, नगर भैरूंदा एवं सेवा सदन बैरागढ़ के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क स्वास्थ्य एवं नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया।

कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर जिला सेवा प्रमुख पारस वर्मा, जिला स्वावलंबन आयाम प्रमुख उत्तम सिंह राजपूत, ग्राम सरपंच अशोक चौहान तथा सेवा सदन बैरागढ़ के नेत्र विशेषज्ञ डॉ. मिश्रा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

शिविर में कुल 52 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। चिकित्सकों द्वारा नेत्र जांच के साथ-साथ ब्लड प्रेशर और शुगर की जांच भी की गई। जांच के दौरान 44 लोगों की आंखों के चश्मे के नंबर पाए गए, जिन्हें शीघ्र चश्मा बनवाने की सलाह दी गई। वहीं 4 लोगों में मोतियाबिंद की समस्या सामने आई, जिन्हें आगे उपचार के लिए चिन्हित किया गया। इसके अलावा 4 लोगों में पीटीआर संबंधी समस्या भी पाई गई। शिविर के दौरान स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता पर भी जोर दिया गया। चिकित्सकों ने ग्रामीणों को नियमित स्वास्थ्य जांच कराने, आंखों की देखभाल करने और संतुलित आहार अपनाने की सलाह दी।

कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक, ग्रामीणजन एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों की सक्रिय भागीदारी रही। आयोजनकर्ताओं ने बताया कि ऐसे शिविर आगे भी आयोजित किए जाएंगे, ताकि ग्रामीण अंचल के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें।

प्रस्फुटन शक्ति संचय कार्यक्रम में विखं स्तरीय बैठक सह प्रशिक्षण संपन्न

सीहोर । मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद, विकासखण्ड सीहोर द्वारा प्रस्फुटन शक्ति संचय बैठक सह प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत विकासखण्ड स्तरीय बैठक सह प्रशिक्षण का आयोजन पी.एम. ऑफ एक्सीलेंस चंद्रशेखर आजाद शासकीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय, सीहोर में किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पारुल उपाध्याय, जिला समन्वयक, मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद, जिला सीहोर उपस्थित रहीं। प्रदीप सिंह सेंगर, विकासखण्ड समन्वयक, मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद, विकासखण्ड सीहोर द्वारा किया गया। बैठक सह प्रशिक्षण का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं परिषद के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए किया गया। इसके पश्चात विभिन्न प्रस्फुटन समितियों के प्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में किए गए कार्यों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। बैठक में जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता अभियान, पौधारोपण, सामाजिक जागरूकता, जनभागीदारी एवं ग्राम विकास से संबंधित गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की गई। उत्कृष्ट कार्य करने वाली समितियों के प्रयासों की सराहना करते हुए अन्य समितियों को भी प्रेरित किया गया कि वे अपने क्षेत्रों में समाजहित के कार्यों को और अधिक प्रभावी ढंग से संचालित करें। मुख्य अतिथि पारुल उपाध्याय ने अपने संबोधन में कहा कि प्रस्फुटन समितियां ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक परिवर्तन की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। उन्होंने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना परिषद के प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी समितियों से नियमित बैठकें आयोजित करने, जनभागीदारी बढ़ाने तथा स्वच्छता, नवांकुर सखियों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण जैसे अभियानों को जन-आंदोलन का स्वरूप देने का आह्वान किया।

पर्यावरण संरक्षण को लेकर प्रधानमंत्री ने दिया मार्गदर्शन : सुदेश राय

सीहोर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा प्रसारित मन की बात कार्यक्रम को रविवार सुबह विधायक सुदेश राय और भाजपा कार्यकर्ताओं ने कार्यालय में बैठकर टेलीविजन पर सुना और देखा। विधायक सुदेश राय ने कहा कि प्रधानमंत्री ने लोकल उत्पादों के इस्तेमाल पर बल दिया और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। प्राकृतिक हरियाली के लिए एक पेड़ मां के नाम अभियान देशभर में सफल हो रहा है। प्रकृति के लिए प्लास्टिक खतरनाक है प्लास्टिक के उपयोग से बचना जरूरी है और प्लास्टिक का रीसायकल भी अति आवश्यक है। विधायक सुदेश राय ने बताया कि प्रधानमंत्री ने मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से गणेश उत्सव में भगवान गणेश की मिट्टी की प्रतिमाएं बनाने का आह्वान किया।

बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने किया शिव महापुराण का श्रवण

11 अगस्त को सावन महाशिवरात्रि पर विश्व भर में किया जाएगा ऑनलाइन शिव अभिषेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिला मुख्यालय के समीपस्थ कुबेरेश्वरधाम में आयोजित गुरु पूर्णिमा महोत्सव के अंतर्गत शिव महापुराण कथा के दौरान रविवार को भक्ति का अभूतपूर्व महासागर उमड़ पड़ा। देश के विभिन्न राज्यों से पहुंचे चार लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने शिव महापुराण का श्रवण कर भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया। पूरा धाम हर-हर महादेव और शिवमय वातावरण से गूंज उठा, जिला प्रशासन और समिति के द्वारा यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए व्यवस्था की है।

शिव महापुराण कथा के तीसरे दिवस अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने बताया कि जो सच्चे मन से भगवान शिव पर विश्वास करता है, उसके जीवन के सभी दुख शिव की कृपा से क्षण भर में दूर हो जाते हैं। हम जो कर्म करते हैं, उसका फल हमें मिलता है। भगवान शिव की पूजा, अर्चना और भक्ति करने से जीवन में सुख और समृद्धि आती है। यदि जीवन में कोई कष्ट या दुख आता भी है, तो भगवान शिव उन दुखों को हर लेते हैं, यदि हम समय-समय पर भगवान का धन्यवाद करते रहें और उनकी भक्ति में लीन रहें। शिव पुराण का पाठ करने से सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है, और नकारात्मकता दूर होती है। इस अवसर पर व्यासपीठ से बताया गया कि आगामी 11 अगस्त को सावन महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर एक बार फिर ऐतिहासिक आयोजन होगा। विश्वव्यापी ऑनलाइन शिव अभिषेक का आयोजन किया जाएगा, जिसमें देश-विदेश के लाखों श्रद्धालु अपने-अपने घरों से भगवान शिव का अभिषेक कर आध्यात्मिक अनुष्ठान में सहभागी बनेंगे। शिव महापुराण के दौरान अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि शिव नाम में जीवन का संपूर्ण सुख समाया हुआ है। संपूर्ण ब्रह्मांड की समस्त ऊर्जा शिवमय है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार परिवार में यदि किसी को रक्तचाप या मधुमेह जैसी बीमारियां होती हैं तो उसके प्रभाव आने वाली पीढ़ियों में भी देखने को मिलते हैं, उसी प्रकार यदि परिवार में कोई व्यक्ति भक्ति, पूजा, सत्संग और अच्छे कर्म करता है तो उसका सकारात्मक प्रभाव पूरे परिवार पर पड़ता है और घर स्वर्ग के समान बन जाता है। उन्होंने कहा कि पूर्व जन्मों और पूर्व में किए गए कर्मों का फल तो प्रत्येक व्यक्ति को भोगना पड़ता है, इसलिए जीवन में बुरे कर्मों का त्याग कर सदैव अच्छे कर्म, सेवा, परोपकार और भगवान की भक्ति का मार्ग अपनाना चाहिए।

सेवाभावी लोगों को केवल धन ही नहीं, बल्कि सेवा करने वाला उदार मन भी दिया : कांवड़ यात्रा का उल्लेख करते हुए पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहा कि जो लोग कांवड़ यात्रियों के लिए मार्ग में निःशुल्क नाश्ता, चाय, भोजन, फलाहार और पेयजल की व्यवस्था करते हैं, वे भगवान शिव के सच्चे सेवक हैं। उन्होंने कहा कि भगवान भोलेनाथ ने ऐसे सेवाभावी लोगों को केवल धन ही नहीं, बल्कि सेवा करने वाला उदार मन भी दिया है, जिसके कारण वे हजारों श्रद्धालुओं की निस्वार्थ भाव से सेवा कर पाते हैं। वहीं कथा वाचक पंडित राघव मिश्रा ने अपने प्रवचन में कहा कि एक सच्चा गुरु अपने शिष्य को भगवान की शरण में पहुंचाता है। गुरु को शिष्य की दौलत, सत्ता या वैभव से कोई मतलब नहीं होता, बल्कि उसका एकमात्र उद्देश्य अपने शिष्य का जीवन सफल, सार्थक और कल्याणकारी बनाना होता है। उन्होंने श्रद्धालुओं से गुरु के वचनों का पालन करने, सत्संग से जुड़े रहने और भगवान के प्रति अटूट श्रद्धा बनाए रखने का संदेश दिया।

पेपर लीक और छात्र उत्पीड़न के विरोध में कांग्रेस का कैंडल मार्च, छात्रों के भविष्य की गारंटी ले सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बुधनी

पेपर लीक, परीक्षा व्यवस्था में कथित अनियमितताओं तथा प्रदर्शनकारी छात्रों पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में कांग्रेस पार्टी के आह्वान पर शनिवार शाम बुधनी नगर के महाराणा प्रताप तिराहे पर कैंडल मार्च एवं सत्याग्रह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के ₹गूंज आंदोलन₹ तथा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के नेतृत्व में आयोजित किया गया।

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष योगेश सिंह राजपूत (सोनू) के नेतृत्व में निकाले गए कैंडल मार्च में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने हाथों में मोमबत्तियां लेकर छात्रों के समर्थन में प्रदर्शन किया। इस दौरान पेपर लीक की घटनाओं, परीक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता की कमी और छात्रों के साथ हुए कथित अन्याय के विरोध में जमकर नारेबाजी की गई।

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि यह कैंडल मार्च पेपर लीक से प्रभावित तथा इससे जुड़े घटनाक्रम में जान गंवाने वाले छात्रों की स्मृति को समर्पित है। उन्होंने प्रदर्शनकारी छात्रों के साथ हुई पुलिस मारपीट की निंदा करते हुए केंद्र सरकार से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने तथा लाठीचार्ज के लिए जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की।

कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस नेताओं ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे को तत्काल स्वीकार किए जाने की मांग भी उठाई। उनका कहना था कि परीक्षा प्रणाली में लगातार सामने आ रही अनियमितताओं की नैतिक जिम्मेदारी तय होनी चाहिए और छात्रों के भविष्य से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जा सकती। कांग्रेस ने परीक्षा व्यवस्था को पूरी तरह पारदर्शी, निष्पक्ष और जवाबदेह बनाने की मांग दोहराई।

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि छात्रों के अधिकारों और न्याय की यह लड़ाई केवल एक आंदोलन नहीं, बल्कि देश के युवाओं के भविष्य की लड़ाई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कांग्रेस सत्याग्रह के मार्ग पर चलते हुए छात्रों के हितों की आवाज सड़क से लेकर संसद तक मजबूती से उठाती रहेगी और जब तक छात्रों को न्याय नहीं मिलता तथा दोषियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई नहीं होती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सोनू राजपूत, वरिष्ठ कांग्रेस नेता अजय यादव,बगवाड़ा मंडल अध्यक्ष राकेश यादव,पीली करार मंडलम अध्यक्ष हरीश मालवीय, किसान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष हरीश मीणा, प्रमोद चौहान, युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष सौरभ दुबे, सुशील मीना, कपिल मल्होत्रा,महेंद्र यादव,अरुण यादव, मोहित राव, कृष्णा दुबे, साक्षी शर्मा आदि अनेक कांग्रेसियों मौजूद रहे

बडलावदा डैम के पास भीलखेड़ी तालाब में अनियंत्रित होकर गिरी कार

हादसा: खुजनेर खाटूश्याम दर्शन के लिए जा रहे पांच श्रद्धालुओं की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खुजनेर

देवशयनी एकादशी पर खुजनेर स्थित बाबा खाटूश्याम के दर्शन करने जा रहे 5 श्रद्धालुओं की शनिवार दोपहर भीषण सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई पचोर-सोयत हाईवे पर तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर भीलखेड़ी तालाब में गिर गई। घटना शनिवार दोपहर करीब 12.30 बजे पचोर की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार कार खुजनेर से 5 किमी पहले बडलावदा डैम की पुलिया में अचानक अनियंत्रित होकर गिर गई प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार इतनी तेज थी कि चालक संभाल नहीं पाया और वाहन

सीधा पुलिया में जा गिरा हादसा देखकर आसपास के ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी।

कार में सवार मृतकों में कमल किशोर तिवारी पिता ब्रजकिशोर तिवारी उम्र 57 वर्ष निवासी ग्राम अरन्याखुर्द, शंकर लाल नाथ पिता कांशीराम नाथ उम्र 57 वर्ष - निवासी ग्राम अरन्याखुर्द, गोविंद तिवारी पिता उमाशंकर तिवारी, उम्र 55 वर्ष निवासी ग्राम अरन्याखुर्द, रोहित खाती पिता धनपाल खाती उम्र 32 वर्ष - निवासी ग्राम अरंडिया, अरविंद खाती पिता बाबूलाल खाती, उम्र 36 वर्ष निवासी ग्राम अरंडिया के रहने वाले थे।

देवशयनी एकादशी पर दर्शन करने निकले थे

परिजनों ने बताया कि सभी लोग देवशयनी एकादशी पर खुजनेर में बाबा श्याम के दर्शन करने आ रहे थे इसी दौरान ये हादसा हो गया। सूचना मिलते ही खुजनेर पुलिस टीम मौके पर पहुंची ग्रामीणों की मदद से कार में सवार पांच लोगों को बाहर निकाला गया। शवों को एंबुलेंस से खुजनेर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

गांव में पसरा मातम

दर्शन करने घर से हंसी खुशी निकले पांच लोग लेकिन दर्शन से पहले ही खुशियां मातम में बदल गईं। जब घटना की जानकारी मृतकों के गांव लगी तो गांव में मातम पसरा गया। एक साथ 5 लोगों की मौत की खबर से अरन्याखुर्द और अरंडिया गांव में शोक की लहर है।

चोरी की 9 मोटरसाइकिल और वारदात में प्रयुक्त एक बाइक जब्त

पुलिस ने 10 बाइक चोरी की वारदातों का किया खुलासा, तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

पुलिस द्वारा संपत्ति संबंधी अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत सारंगपुर पुलिस को सफलता मिली है। ऑपरेशन चक्षु के तहत नगर में लगाए गए सीसीटीवी कैमरों और साइबर सेल की तकनीकी सहायता से पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी की 10 वारदातों का खुलासा करते हुए चोरी करने तथा चोरी की बाइक खरीदने वाले सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी की 9 मोटरसाइकिलें तथा अपराध में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल जब्त की गई है। पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी के मार्गदर्शन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के.एल. बंजारे के निर्देशन तथा एसडीओपी अरविंद सिंह के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया।

पुलिस के अनुसार, सारंगपुर नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार हो रही बाइक चोरी की घटनाओं को देखते हुए विशेष जांच टीम गठित की गई। टीम ने ऑपरेशन चक्षु के तहत नगर में लगे लगभग 350 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और आरोपियों की गतिविधियों का पता लगाया। साइबर सेल से प्राप्त तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों तक पहुंचकर उन्हें गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने विभिन्न प्रकरणों में चोरी गई एचएफ डिलक्स, स्प्लेंडर, डिलक्स और साइन सहित कुल 9 मोटरसाइकिलें बरामद की हैं।

इसके अलावा चोरी की वारदात में प्रयुक्त हीरो होंडा मोटरसाइकिल भी जब्त की गई है। गिरफ्तार आरोपी में केमल पिता बनेसिंह हाड़ा (20), निवासी पीपलरावा, जिला देवास,सूरज उर्फ खाटिया पिता कैसू उर्फ कृष्णकांत कंजर (21), निवासी खेड़ावत,थाना सलसलाई, जिला शाजापुर,समीर शाह पिता शौराब शाह (21), निवासी वार्ड क्रमांक 4, वजीर हुसैन चौक, सारंगपुर। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी सहित उपनिरीक्षक राहुल सेंधव, सउनि आनंदीलाल भिलाला, जमनाप्रसाद सिसोदिया, रामकैलाश दांगी, रामगोपाल यादव तथा पुलिस बल के इरशाद खान, विकास भदौरिया, संदीप तोमर, बनवारी गुर्जर, सत्येंद्र रघुवंशी, शुभम बिरथरे, मुकेश भिलाला, बृजेश देशाई, धर्मेंद्र जायसवाल और लोकेश परमार सहित अन्य पुलिसकर्मियों का योगदान रहा।

विधायक ने जताया खेद, प्रशासन के आश्वासन के बाद शांत हुआ मामला

समझौते के बाद टला कांग्रेस का प्रदर्शन फिर भंडारी पैलेस पर धरने से बढ़ी हलचल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़

प्रभारी मंत्री के कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष के साथ हुई कथित मारपीट के मामले में शनिवार को नया घटनाक्रम सामने आया। कांग्रेस द्वारा प्रस्तावित प्रदर्शन से पहले प्रशासन की पहल पर दोनों पक्षों के बीच समन्वय स्थापित किया गया, जिसके बाद जिला पंचायत अध्यक्ष ने अपना प्रस्तावित धरना स्थगित कर दिया।

मामले में क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा ने भी घटना पर खेद व्यक्त किया, जिसके बाद स्थिति सामान्य होती नजर आई। हालांकि कुछ देर बाद माहौल उस समय फिर गरमा गया, जब संबंधित पक्ष

के चंदर सिंह भंडारी पैलेस पहुंचे। यहां मौजूद समर्थकों ने घटना को लेकर आक्रोश जताते हुए दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग शुरू कर दी। देखते ही देखते समर्थकों के साथ वे भी धरने पर बैठ गए और प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की मांग करने लगे। सूचना मिलते ही प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों से चर्चा की। अधिकारियों ने ज्ञापन लेकर मामले में नियमानुसार कार्रवाई का आश्वासन दिया, जिसके बाद धरना समाप्त हुआ और स्थिति सामान्य हुई। घटनाक्रम को देखते हुए पूरे दिन शहर में गहमागहमी का माहौल बना रहा। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आसपास के थानों से अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया गया था और संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रखी गई।

विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीतों, प्रेरणादायक भाषण और कविताओं की दी प्रस्तुति

देशभक्ति के रंग में रंगा श्री सत्य साईं स्कूल कारगिल विजय दिवस पर वीरों को किया नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

नगर के सीबीएसई विद्यालय श्री सत्य साईं सीनियर सेकंडरी स्कूल, सारंगपुर में शनिवार को कारगिल विजय दिवस देशभक्ति एवं श्रद्धा के वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर कारगिल युद्ध के वीर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके अदम्य साहस, सर्वोच्च बलिदान और राष्ट्रभक्ति को नमन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता एवं अमर शहीदों के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इसके बाद विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीतों, प्रेरणादायक भाषणों और ओजस्वी कविताओं की प्रस्तुतियों के माध्यम से कारगिल युद्ध के वीर सैनिकों के शौर्य, पराक्रम और बलिदान को स्मरण किया।

कार्यक्रम के दौरान पूरा परिसर देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। विद्यालय के प्राचार्य केदार गोवेकर ने अपने संबोधन में कहा कि

कारगिल विजय दिवस हमें भारतीय सैनिकों के त्याग, साहस और राष्ट्र के प्रति समर्पण की प्रेरणा देता है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे देशहित को सर्वोपरि रखते हुए अपने कर्तव्यों का ईमानदारी और निष्ठा के साथ पालन करें। इस अवसर पर विद्यालय के संचालक विष्णु सिंह सिसोदिया, मुख्य अतिथि एल.एस. सोलंकी, उप-प्राचार्या श्रीमती किरण जोशी, स्कूल कोऑर्डिनेटर इमरान खान, समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएँ, कार्यालयीन स्टाफ एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने सहभागिता कर वीर शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित किए।कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं सुरक्षा के लिए अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने का संकल्प लिया। उल्लेखनीय है कि कारगिल विजय दिवस प्रतिवर्ष 26 जुलाई को वर्ष 1999 के कारगिल युद्ध में भारतीय सेना की ऐतिहासिक विजय और वीर सैनिकों के सर्वोच्च बलिदान की स्मृति में मनाया जाता है।

अमृत हरित महाअभियान अंतर्गत नगर परिषद सुठालिया ने किया 300 पौधों का रोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुठालिया

अमृत हरित महाअभियान के अंतर्गत शनिवार को नगर परिषद सुठालिया द्वारा सामुदायिक भवन, मऊ रोड परिसर में वृहद पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। अभियान के तहत लगभग 300 पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, स्व-सहायता समूह की महिलाओं तथा नगर परिषद के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सहभागिता करते हुए पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

उपस्थित लोगों ने पौधों के संरक्षण एवं नियमित देखभाल का भी संकल्प लिया, ताकि लगाए गए पौधे भविष्य में हरे-भरे वृक्ष बनकर

नगर के पर्यावरण को समृद्ध करें। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने कहा कि अधिक से अधिक वृक्षारोपण एवं उनकी देखरेख ही स्वच्छ, हरित एवं स्वस्थ वातावरण की आधारशिला है। नगर परिषद द्वारा नागरिकों से भी अपील की गई कि वे अपने घर, मोहल्ले एवं सार्वजनिक स्थानों पर अधिकाधिक पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण में सहभागी बनें। नगर परिषद सुठालिया के मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री वीरेंद्र चक्रवर्ती ने बताया कि अमृत हरित महाअभियान के अंतर्गत आगामी दिनों में भी विभिन्न स्थानों पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिससे नगर को अधिक हरित एवं पर्यावरण अनुकूल बनाया जा सके।

तलाई वाले बालाजी की महाराज की पादुका का पूजन होगा

मंदसौर। गुरु पूर्णिमा महोत्सव 29 जुलाई गुरुवार को श्री तलाई वाले बालाजी मंदिर में मंदिर ट्रस्ट के द्वारा गुरु पूर्णिमा महोत्सव पर जन जन के आराध्य तलाई वाले बालाजी महाराज की पादुका पूजन का भव्य आयोजन रखा गया है। प्रात: 6:30 बजे से 8:30 बजे तक बालाजी महाराज का पूजन एवं हवन होगा। प्रात: 8:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक बालाजी महाराज की पादुका पूजन की जाएगी। श्री बालाजी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष पं.धीरेंद्र त्रिवेदी ओर समस्त ट्रस्टी गणों ने श्रद्धालुओं से इस अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में गुरु पूर्णिमा महोत्सव पर बालाजी की पादुका पूजन का लाभ लेने का आह्वान किया है।

श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम के दर्शन कर चढ़ाए निशान, सुख-समृद्धि की कामना की

देवशयनी एकादशी पर मालवा के प्रसिद्ध खाटूश्याम धाम में उमड़ा आस्था का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खुजनेर

देवशयनी एकादशी के पावन अवसर पर शनिवार को मालवा के प्रसिद्ध खाटूश्याम धाम, खुजनेर में श्रद्धा और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। एक दिवसीय मेले में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम के दर्शन कर निशान अर्पित किए और परिवार की सुख-समृद्धि व खुशहाली की कामना की मंदिर परिसर को रंग-बिरंगे फूलों से आकर्षक ढंग से सजाया गया था। बाबा श्याम का विशेष श्रृंगार श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहा। सुबह से ही मंदिर में दर्शन के लिए लंबी कतारें लग गई थीं उमस भरी

गर्मी के बावजूद श्रद्धालुओं का उत्साह कम नहीं हुआ और दिनभर दर्शन का सिलसिला चलता रहा। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के कारण नगर में कई स्थानों पर यातायात प्रभावित रहा। पुलिस प्रशासन पूरे दिन यातायात व्यवस्था संभालने और जाम की स्थिति को नियंत्रित करने में जुटा रहा।

देवशयनी एकादशी के अवसर पर शहर के भीतर से वाहनों की आवाजाही जारी रहने के कारण भी कई बार जाम की स्थिति बनी। देवशयनी एकादशी के अवसर पर खाटूश्याम धाम में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ ने एक बार फिर सिद्ध कर दिया कि मालवा का यह धाम क्षेत्र के प्रमुख आस्था केंद्रों में अपनी विशेष पहचान रखता है। दूर से पहुंची श्री श्याम की निशान यात्रा मंदिर समिति द्वारा श्रद्धालुओं को 2 कुंटल दूध की चाय और 10 कुंटल फलहारी चिप्स का वितरण किया।

भारतीय मजदूर संघ ने मनाया 72वां स्थापना दिवस

विदिशा। भारतीय मजदूर संघ ने गुरुवार को स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर, अंदर किला में 72वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान विश्वकर्मा, भारत माता एवं संस्थापक दत्तोपंत ठेंगड़ी के चित्र पर माल्यार्पण से हुआ। मुख्य अतिथि प्रदेश मंत्री राजन नायर ने कहा कि 23 जुलाई 1955 को भोपाल में स्थापित भारतीय मजदूर संघ आज विश्व के सबसे बड़े श्रमिक संगठनों में शामिल है और राष्ट्रहित, उद्योग हित व श्रमिक हित के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। कार्यक्रम में महेंद्र सोनी, विमलेश त्रिवेदी तथा अध्यक्ष मनमोहन शर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के तहत निकली जनजागरूकता साइकिल रैली

नागरिकों ने दिया नशामुक्त समाज का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शामगढ़/मंदसौर

मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार प्रदेशभर में चलाए जा रहे नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के अंतर्गत रविवार को शामगढ़ नगर में विशाल जनजागरूकता साइकिल रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ शिव हनुमान मंदिर से मंदसौर पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीणा एडिशनल एसपी राम स्नेही मिश्रा गरोठ ,एसडीओपी सीतामऊदिनेश प्रजापति, शामगढ़ थाना प्रभारी कपिल सौराष्ट्रीय, नगर परिषद अध्यक्ष कविता नरेंद्र यादव तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों एवं गणमान्य नागरिकों द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया।

रैली में नगर के नागरिकों, विद्यार्थियों, युवाओं, महिलाओं, सामाजिक संगठनों एवं विभिन्न संस्थाओं ने उत्साहपूर्वक भाग

लिया। विशेष आकर्षण यह रहा कि नन्हे-नन्हे बच्चों एवं बालिकाओं ने भी युवाओं के साथ कदम से कदम मिलाकर साइकिल चलाते हुए नशामुक्त समाज का संदेश दिया। रैली के आगे गायत्री परिवार का जागरूकता वाहन मधुर गीतों एवं प्रेरणादायक संदेशों के माध्यम से लोगों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराता हुआ चल रहा था। नगर के विभिन्न मार्गों से गुजरती रैली का जगह-जगह पुष्पवर्षा एवं फूलमालाओं से भव्य स्वागत किया गया। पूरे नगर में उत्साह एवं जनभागीदारी का वातावरण देखने को मिला।

समापन समारोह को संबोधित करते हुए नगर परिषद अध्यक्ष कविता नरेंद्र यादव ने पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीणा का मां महिषासुर मर्दिनी की पावन नगरी शामगढ़ में स्वागत किया। उन्होंने नगर में बढ़ते यातायात को व्यवस्थित एवं सुचारू बनाने के लिए शामगढ़ में स्थायी रूप से एक-दो यातायात पुलिसकर्मियों की नियुक्ति का आग्रह भी किया। एवं कहां की नशा हमारे समाज में एक दीमक की तरह है जो युवाओं को धीरे-धीरे अपने गर्त में ले जा रहा है हमारा भारत देश जो युवाओं का उज्जवल भविष्य चाहता है आज का युवा इस नशे में लिप्त है यह यात्रा रैली हम निकाल रहे हैं इससे हम यही संदेश देना चाहते हैं कि हम नशे से दूरी बनाएं और हमारे समाज में भी हमें संदेश देना की जो युवा नशे से ग्रसित है वह उसको छोड़ें जब हम अपने मन में दृढ़ निश्चय कर लेंगे तो नशा छूट जाएगा वहीं। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीणा ने कहा कि प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार 15 जुलाई से 30 जुलाई तक नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान संचालित किया जा रहा है, और लगातार जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपलिया/मंदसौर

कारगिल विजय दिवस के अवसर पर पंडित अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय महाविद्यालय, पिपलिया में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के तत्वावधान में श्रद्धांजलि एवं प्रेरणा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कारगिल युद्ध के अमर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके अद्वितीय साहस, शौर्य और सर्वोच्च बलिदान को याद किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। इसके बाद कारगिल युद्ध में मातृभूमि की रक्षा करते हुए वीरगति प्राप्त करने वाले शहीदों की स्मृति में दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। मुख्य वक्ता एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डी.सी. बोरीवाल ने अपने संबोधन में कहा कि कारगिल विजय भारतीय सेना के अदम्य साहस, पराक्रम और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि देश के वीर जवानों का त्याग प्रत्येक भारतीय के लिए प्रेरणा का स्रोत है और युवाओं को उनसे देशसेवा की प्रेरणा लेनी चाहिए। चंद्रकला चौहान ने शहीदों के बलिदान को राष्ट्र की अमूल्य धरोहर बताते हुए युवाओं से राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने का आह्वान किया। आर.एस. कटारा ने कारगिल युद्ध के वीर सैनिकों के शौर्य का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके बलिदान के कारण ही देश की सीमाएं सुरक्षित हैं। प्रो. दीपिका ने विद्यार्थियों को राष्ट्रप्रेम, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा का संदेश दिया, जबकि गोविंद तवर ने युवाओं से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने और शहीदों के आदर्शों को जीवन में अपनाने का आग्रह किया। कार्यक्रम में प्रीति गिरवाल, प्रो. रितु शर्मा, प्रो. प्रेरणा शर्मा, अमित निमा, कल्पना देवड़ा, विजय शर्मा, तनिष्का चौधरी, मनोजेंद्र शर्मा सहित महाविद्यालय परिवार के सदस्य व छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की।

खबर संक्षेप

ग्राम बमुलिया रायमल में कन्या भोजन कराया

जावर। ग्राम बमुलिया रायमल माता मंदिर में हुआ कन्या भोजन गांव में सुख समृद्धि के लिए देव बाबा की कृपा से ग्राम बमुलिया रायमल में देवता जागरण एवं कन्या भोजन हुआ सभी ग्रामीण जनों के सहयोग से एवं ग्रामीणों और किसानों ने अच्छी फसल की कामना की और माता रानी के दरबार में कन्या भोजन करवाया।

जिला अध्यक्ष ने प्रदेश कांग्रेस कार्यसमिति सदस्य से की मुलाकात

आष्टा। नव नियुक्त एनएसयुआई जिला अध्यक्ष हरिओम सिसोदिया अपने साथियों के साथ कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष कैलाश परमार से उनके कार्यालय पहुंचकर सौजन्य भेंट की तथा उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर पूर्व नपाध्यक्ष कैलाश परमार ने हरिओम सिसोदिया का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए मिठाई खिलाकर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस दौरान परमार ने कहा, मैंने भी अपनी राजनीतिक यात्रा की शुरुआत 1978- 79 में भोपाल से छात्र नेता के रूप में की थी। छात्र राजनीति नेतृत्व क्षमता विकसित करने का सबसे सशक्त मंच है। छात्र राजनीति में समर्पण, संघर्ष और मेहनत से कार्य करने वाले युवाओं का भविष्य सदैव उज्ज्वल रहा है। आज का युग युवाओं का है और वर्तमान में जेन जी आंदोलन ने देश की राजनीति को एक नई दिशा और नया मोड़ दिया है। मुझे विश्वास है कि हरिओम सिसोदिया के नेतृत्व में एनएसयुआई छात्र हितों की प्रभावी आवाज बनेगी और संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी। हरिओम सिसोदिया ने परमार का मार्गदर्शन प्राप्त कर संगठन की जिम्मेदारियों का निष्ठा और समर्पण के साथ निर्वहन करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर एनएसयुआई एवं कांग्रेस वरिष्ठ साथी सुनील प्रगति , संजय जैन किला ऋषि ठाकुर एवं अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

दो मुनि संघों के ऐतिहासिक चातुर्मास के लिए नगर में किया गया मंगल प्रवेश

इंदौर नाका से किला मंदिर तक निकला विशाल जुलूस, आचार्य विद्यासागर मार्ग का किया लोकार्पण

धर्मनगरी आष्टा में मुनि संघ का भव्य मंगल प्रवेश। आचार्य विद्यासागर मार्ग का हुआ ऐतिहासिक नामकरण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

धर्मनगरी आष्टा में रविवार का दिन धार्मिक इतिहास के स्वर्णिम अध्याय के रूप में दर्ज हो गया, जब वर्ष 2026 के चातुर्मास के लिए दो दिगंबर जैन मुनि संघों का भव्यातिभव्य मंगल प्रवेश हुआ। इंदौर नाका स्थित अरिहंतपुरम से प्रारंभ हुई नगर अगवानी में हजारों श्रद्धालु, समाजजन, महिलाएं, युवा एवं बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए विशाल चल समारोह श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर, किला पहुंचकर धर्मसभा में परिवर्तित हुआ। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं ने मुनिराजों का पाद प्रक्षालन कर धर्मलाभ प्राप्त किया तथा जगह-जगह पुष्पवर्षा कर भावपूर्ण स्वागत किया। मुनि संघ के नगर प्रवेश के जुलूस एवं प्रवचन की जानकारी देते हुए समाज के नरेन्द्र गंगवाल ने बताया कि इस वर्ष आष्टा में दो मुनि संघों का एक साथ चातुर्मास होना नगर के धार्मिक इतिहास की महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। नगर प्रवेश से पूर्व इंदौर नाका पर दोनों मुनि संघों का मंगल मिलन हुआ, जिसके पश्चात जयघोषों के बीच भव्य शोभायात्रा प्रारंभ हुई। चातुर्मास हेतु वात्सल्य रत्नाकर समाधि सम्राट मुनि श्री भूतबली सागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य पूज्य मुनि श्री सागर महाराज एवं ऐलक श्री मंथन सागर जी महाराज तथा आचार्य श्री सुबल सागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि श्री अभेद सागर महाराज एवं आष्टा नगर गौरव मुनि श्री अगर्भ सागर महाराज ससंघ का नगरवासियों ने श्रद्धापूर्वक स्वागत किया।

मार्ग का ऐतिहासिक लोकार्पण

नगर प्रवेश के इस पावन अवसर पर अस्पताल चौराहे से परदेशीपुरा तक के मार्ग का नामकरण ₹आचार्य विद्यासागर मार्ग₹ किया गया। मुनि संघ के पावन सानिध्य एवं विधायक गोपालसिंह इंजीनियर की उपस्थिति में नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, पूर्व विधायक रघुनाथसिंह मालवीय, चातुर्मास समिति के संयोजक मनोज गोपी सेठी, समाज के

संरक्षकगण, पार्षदों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा मार्ग का विधिवत लोकार्पण किया गया। उपस्थित जनसमुदाय ने आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के प्रथम समाधि दिवस की स्मृति में हुए इस ऐतिहासिक निर्णय का स्वागत किया।

धर्मसभा में श्रद्धा का उमड़ा सैलाब

किला मंदिर परिसर में आयोजित धर्मसभा का शुभारंभ आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के चित्र के अनावरण से हुआ। पूर्व नपाध्यक्ष कैलाश परमार, डॉ. मीना सिंगी, पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष ललित नागौरी, पूर्व पार्षद कालू भट्ट सहित अनेक अतिथियों ने आदिनाथ भगवान एवं आचार्य विद्यासागर महाराज के चित्र का अनावरण किया। बालिकाओं ने मधुर स्वागत गीत प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। पाद प्रक्षालन का सौभाग्य पंकज एवं मनोज गोपी सेठी परिवार को प्राप्त हुआ, जबकि शास्त्र भेंट का लाभ समस्त व्रतीगणों ने लिया।

चार माह तक होगी धर्म और साधना की वर्षा

मुनि श्री सागर महाराज ने कहा कि आष्टा की सबसे बड़ी विशेषता यहां के लोगों की सेवा भावना और धर्म के प्रति समर्पण है। नगर के इतिहास में पहली बार दो मुनि संघों का एक साथ चातुर्मास हो रहा है, जो पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि नगर प्रवेश के दौरान सभी समाज, सभी वर्ग, सभी राजनीतिक दलों एवं विभिन्न पंथों के लोगों ने जिस प्रकार एकजुट होकर स्वागत किया, वह सामाजिक समरसता का अनुपम उदाहरण है। आगामी चार महीनों तक नगर में धर्म, साधना, स्वाध्याय और आध्यात्मिकता की अविरल वर्षा होगी।

2 अगस्त को होगी कलश स्थापना

मुनि सेवा समिति के संयोजक मनोज गोपी सेठी ने बताया कि 2 अगस्त को मानस भवन परिसर में भव्य कलश स्थापना समारोह आयोजित किया जाएगा। उन्होंने सभी धार्मिक समितियों, समाजजनों एवं नगरवासियों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी के सामूहिक प्रयासों से मुनि संघ का नगर प्रवेश ऐअविस्मरणीय बन सका।

हिन्दू समाज ने किया संतों का अभिनंदन

दिगंबर जैन संतों की भव्य नगर अगवानी के दौरान सकल हिन्दू समाज ने भी विभिन्न स्थानों पर पाद प्रक्षालन एवं अभिनंदन किया। अस्पताल चौराहा, श्रीराम मंदिर, खंडेलवाल चौराहा एवं बुधवारा पर सकल हिन्दू समाज अध्यक्ष एवं पूर्व पार्षद नरेंद्र कुशवाहा ने मुनि श्री सागर महाराज, ऐलक श्री मंथन सागर महाराज, मुनि श्री अभेद सागर महाराज तथा नगर गौरव मुनि श्री अगर्भ सागर महाराज का पाद प्रक्षालन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, सकल समाज अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाहा ने कहा कि दिगंबर जैन संत त्याग, तप, संयम, अहिंसा और आत्मशुद्धि की महान परंपरा के प्रतीक हैं। उनका सान्निध्य समाज को सदाचार, सेवा और करुणा का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि ₹अहिंसा परमो धर्मः₹ का संदेश सम्पूर्ण मानवता के लिए कल्याणकारी है तथा सकल हिन्दू समाज सदैव सभी संत-महात्माओं एवं धर्म परंपराओं का सम्मान करता रहेगा। इस अवसर पर सकल हिन्दू समाज के पदाधिकारियों ने श्री दिगंबर जैन पंचायत समिति, मुनि सेवा संघ एवं चातुर्मास धर्म प्रभावना समिति के पदाधिकारियों का मोतियों की माला एवं साफा पहनाकर सम्मान किया। आयोजन में बड़ी संख्या में समाजजन एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। नगर में दो मुनि संघों के ऐतिहासिक चातुर्मास प्रवेश ने श्रद्धा, समरसता और आध्यात्मिक उत्साह का ऐसा वातावरण निर्मित किया, जिसे नगरवासी लंबे समय तक स्मरण रखेंगे।

नगरपालिका परिषद आष्टा द्वारा आचार्य विद्यासागर मार्ग का नामकरण

इस अवसर पर संत शिरोमणि दिगंबर सरोवर के राजहंस आचार्य श्री 108 विद्यासागरके प्रथम समाधि दिवस की स्मृति में एक ऐतिहासिक निर्णय को साकार रूप दिया गया। नगरपालिका परिषद आष्टा द्वारा अस्पताल चौराहा से परदेसीपुरा तक के मार्ग का नाम आचार्य विद्यासागर मार्ग रखा गया। इस अवसर पर विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर, पूर्व विधायक रघुनाथसिंह मालवीय, नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि राय सिंह मेवाडा, नपा उपाध्यक्ष प्रतिनिधि भूरू खा, पार्षद तेजपाल कल्लू मुकाती, रवि शर्मा सुभाष नामदेव सहित श्री दिगंबर पंचायत समिति के श्री दिगंबर जैन पंचायत समिति अध्यक्ष आनंद जैन पोरवाल, महामंत्री कैलाश जैन चित्रलोक, कोषाध्यक्ष निर्मल जैन कोटरी, प्रवक्ता शरद जैन बिंदिया, चातुर्मास मुख्य संयोजक गोपी सेठी, संयोजक अमन जैन, संरक्षकगण पवन जैन, मुकेश बड़जात्या, धनरुपमल जैन, रमेश आदिनाथ, मनोज जैन सुपर, मुनि सेवा समिति अध्यक्ष संदीप जैन, महामंत्री धीरज जैन, व्यापार महासभा अध्यक्ष रुपेश राठौर, पार्षद कमलेश जैन, जनपद उपाध्यक्ष सोनू गुणवान, नीलेश खंडेलवाल, बसंत पाठक, दीपक जैन कंचन, संतोष जैन जादूगर, सहित समाज के वरिष्ठजनों की उपस्थिति मे एवं मुनि श्री के सानिध्य और मंगल आशीर्वाद के बीच मार्ग का नामकरण संपन्न हुआ।

कारगिल युद्ध के वीर शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

वर्ष 1999 में दुश्मन द्वारा थोपे गए कारगिल युद्ध में 'ऑपरेशन विजय' के तहत भारत की ऐतिहासिक जीत और भारतीय सेना के शौर्य व पराक्रम के सम्मान में ग्रीन फील्ड कॉन्फ्रेंस हॉल, आष्टा में 'कारगिल विजय दिवस' का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान भारतीय सैनिकों के राष्ट्र के प्रति त्याग एवं अभूतपूर्व बलिदान को याद करते हुए उपस्थित सभी अतिथियों ने अपनी गहरी कृतज्ञता व्यक्त की। प्रतिभाओं और अग्निवीरों का सम्मान। इस गरिमामय अवसर पर आयोजित कारगिल युद्ध प्रश्नोत्तरी (लिखित परीक्षा) में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।

प्रथम स्थानः साक्षी जाट — 'सजग राष्ट्र प्रहरी' सम्मान से नवाजा गया। द्वितीय एवं तृतीय स्थानः श्री सुरेश कुशवाहा, निर्मला मालाकार, अंबिका शर्मा, राजेश्वरी शर्मा एवं भगवती प्रसाद शर्मा को विशेष सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम में देश की रक्षा में समर्पित 'अग्नि वीर' सैनिकों का भी विशेष सम्मान किया गया। इसके साथ ही, मंच से शहीद सैनिक परिवारों की निरंतर देखभाल और सहयोग का सामूहिक संकल्प लिया गया।

इस भव्य आयोजन में सेना के अधिकारियों, प्रशासनिक प्रतिनिधियों और नगर के वरिष्ठ नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। सैन्य एवं प्रशासनिक अतिथिः- ग्रुप कैप्टन विष्णु दत्त शर्मा (वायु सेना अधिकारी), कप्तान सरदार सिंह रावत (देवास, थल सेना अधिकारी), राम पगारे (तहसीलदार, जनप्रतिनिधि एवं राय सिंह मेवाडा नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि, धर्मेंद्र गौतम, वरिष्ठ अधिवक्ता नगिन जैन, नव नियुक्त एल्डरमैन चंदा बोहरा, भाजपा नगर अध्यक्ष व पार्षद प्रतिनिधि विशाल चौरसिया, व्यापारी महासंघ अध्यक्ष रुपेश राठौड़, नगर महामंत्री मोहित सोनी, आरएसएस जिला प्रमुख संतोष वर्मा, समाजसेवी मनोज ताम्रकार, दीपक चौधरी, कुशल पाल लाला, वरिष्ठ पत्रकार धनंजय जाट एवं समाजसेवी नारायण सिंह वर्मइसके अलावा सीहोर, भोपाल, देवास, शुजालपुर एवं खातेगांव से आए समिति के पदाधिकारी और नगर के अनेक गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

विधायक ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ सुनी मन की बात

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का रेडियो कार्यक्रम मन की बात का 136 वा एपिसोड विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने आज पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष मनोहर भोजवानी के निवास पर सभी जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओ के साथ सुना । इस अवसर पर विधायक श्री इंजीनियर ने कहा की रोचक,प्रेरणादायी जानकारियों से भरा मन की बात का कार्यक्रम हमे नये नये कार्य करने की नई प्रेरणा देता है । उक्त कार्यक्रम में हमे देश के कई प्रान्तों में,दूर दराज के ग्रामो में कैसे कैसे नवाचार हो रहे है ये सब कुछ हमे कुछ नया करने की प्रेरणा देता है,हमे इनसे प्रेरणा लेना भी चाहिये । विधायक ने सभी कार्यकर्ताओं को एक पेड़ माँ के नाम लगाने का आव्हान किया। आयोजित मन की बात सुनने के कार्यक्रम में पधारे सभी जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओ का मनोहर भोजवानी परिवार के सभी सदस्यो ने स्वागत सम्मान किया । इस अवसर पर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने भोजवानी परिवार के सभी सदस्यो का स्वागत सम्मान किया। इस अवसर पर रायसिंह मेवाडा, रूपेश राठौर,सुशील संचेती, चंदर भोजवानी, विशाल चौरसिया, मोहित सोनी, सौरभ जैन, अनिल धनगर, दुलीचंद कुशवाह, हरदेव मेवाड़ा,कल्लु मुकाती,मनोहर बैरागी, कमलेश ऋषि विश्वकर्मा, अवनीश पिपलोदिया, सुशील भोजवानी, किशन भोजवानी, कैलाश भोजवानी, दिलीप भोजवानी, नरेश भोजवानी, सुमित भोजवानी, कृपाराम मितवाल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्त्ता उपस्तिथ रहे।

मां कृष्णा धाम मालिपुरा आष्टा के पावन तत्वावधान में चल रही पांच दिवसीय कथा

गलती करो, किंतु गलतियां मत करो: कृष्णा मां

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

ब्रह्मानंद जन सेवा संघ, मां कृष्णा धाम मालिपुरा आष्टा के पावन तत्वावधान में और परम पूज्य कृष्णा माँ के पावन सानिध्य मे आयोजित पांच दिवसीय गुरु पूर्णिमा अमृत महोत्सव के द्वितीय दिवस पर आज अनेकों गुरु भक्तों ने दिव्य सत्संग का लाभ लिया महोत्सव मे आज उत्तर प्रदेश, राजस्थान,महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, बिहार और मध्य प्रदेश के कई हिस्सों से पधारे हजारों गुरु भक्तों ने पूज्य कृष्णा माँ के सत्संग का लाभ लिया आज के सत्संग में, अखिल भारतीय जूना गुजराती दर्जी समाज कड़छा ट्रस्ट के अध्यक्ष अमित जी चौहान, शौर्य समिति के अध्यक्ष एवं सभी सदस्यों ने कृष्णा माँ का स्वागत कर उनका पावन आशीर्वाद लिया। श्रद्धेय कृष्णा माँ ने आज के सत्संग में कई जीवन उपयोगी सूत्र बताएं! कृष्णा मां ने अपनी अमृतमय ओजस्वी वाणी में कहा कि जैसे फूलों से खुशबू अलग नहीं है,जैसे तिल से तेल अलग नहीं है, जैसे चकमक से आग लग नहीं है ठीक वैसे ही भगवान भी हमसे अलग नहीं है हम भगवान के ही अंश है सतगुरु हमेशा अपने शिष्यों का कल्याण चाहते है सतगुरु हमारे अंदर क्या चल रहा है वह भी पढ़ लेते हैं मनुष्य ऋषियों की संतान है। आगे सत्संग में बताया कि, गलती करो किंतु गलतियां मत करो क्योंकि भगवान गलती को तो माफ कर सकते हैं किंतु गलतियां माफ़ नहीं करते हैं शिशुपाल की भगवान कृष्ण ने गलती तो माफ कर दी थी किंतु जब बहुत सारी गलतियां करने लगा और जैसे ही 100 गलती हुई भगवान ने शिशुपाल का वध कर दिया। आज के समय में हर कोई सिर्फ बोलने में लगा है सुनने वाले बहुत कम है आज अधिकतर जो वक्ता बोलते है वह बात उसके अनुभव और आचरण में नहीं होती है इसलिए सुनने वाले पर इसका असर नहीं होता है ऐसा व्यक्ति जो रटा हुआ बोलता है उसकी बातें श्रोता के सिर्फ कानों तक पहुंचती है जो व्यक्ति अनुभव से बोलता है उसकी बातें ह्रदय तक पहुंचती है और श्रोता के अंदर परिवर्तन आता है किंतु जो व्यक्ति परावानी से बोलता है उसकी वाणी ब्रह्मांड में प्रसारित होती रहती है संत हमेशा परावानी से बोलते है। जिस व्यक्ति के अंदर श्रद्धा होती है वह व्यक्ति सब कुछ पा लेता है बिना श्रद्धा भाव के किया गया कार्य फलिभुत नहीं होता इसीलिए कहा है कि यदि व्यक्ति के जीवन में गुरु और भगवान का साथ हो तो कितनी भी बड़ी मुसीबतें आए वह राई जैसी छोटी होकर घटित हो जाती है जो सतगुरु और भगवान के सानिध्य में रहता है उसकी हर प्रतिकूल परिस्थिति अनुकूलता में बदल जाती है मनुष्य के प्रारब्ध में लिखी समस्या तो आएगी किंतु वह सूक्ष्म रूप मे असर करेगी।

अखिल भारतीय सैन्धव समाज के तहसील अध्यक्ष बने ठाकुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

अखिल भारतीय सैन्धव क्षत्रिय राजपूत समाज के तहसील अध्यक्ष गोपाल ठाकुर को उज्जैन तहसील अध्यक्ष बनाया गया अखिल भारतीय सैन्धव क्षत्रिय राजपूत समाज धार्मिक व सामाजिक ट्रस्ट केन्द्र उज्जैन के पंजीकृत कार्यालय श्री राम मंदिर धर्मशाला देवास गेट उज्जैन में दिनांक 26 जुलाई को आयोजित बैठक में केंद्रीय समिति की सर्वसम्मिति से सेंधव क्षत्रिय राजपूत समाज उज्जैन तहसील अध्यक्ष पद पर गोपाल सिंह ठाकुर भंवरी कलाँ वाले को नियुक्त किया गया बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय कमेटी उज्जैन के राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह चौहान ,कार्यकारी अध्यक्ष ललित सिंह उज्जवल, अशोक सिंह कप्तान हाटपिपलिया, मनोहर सिंह ठाकुर फाँगटी, उपाध्यक्ष अमर सिंह, पूर्व सचिव कृपाल सिंह, उपाध्यक्ष कृपाल सिंह मकवाना, धर्मेंद्र सिंह ठाकुर ऋषि नगर, जीवन सिंह शोभाखेड़ी ,पवन पटेल गुराडीया, दीपेंद्र सिंह इछावर, रविन्द्र सिंह भाटी नेमावर ,राजा ठाकुर जावर और भी कहीं जिलो से सामाजिक बंधुओं उपस्थित रहे सभी ने ठाकुर को बधाई दी।